# जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया
रोवर्स/रेंजर्स

समन्वयक-डॉ० अशोक कुमार सिंह (9415384842)

पत्रांक : जे0एन0सी0यू0/रो0रे0/09/सं0/2019-2020 दिनांक : 08.05.2020

सेवा में,

**प्राचार्य/प्राचार्या**
सम्बद्ध महाविद्यालय (बी0एड0)
जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय
बलिया।

**विषय : दल पंजीकरण/नवीनीकरण एवं पाठ्यक्रम पूर्ण करने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

आप इस तथ्य से पूर्णत: अवगत है कि विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों के बी0एड0 विभाग में स्काउटिंग चतुर्थ सेमेस्टर के पाठ्यक्रम का अनिवार्य अंग है। परन्तु अद्यतन विश्वविद्यालय से सम्बद्ध बी0एड0 पाठ्यक्रम के 36 महाविद्यालयों में से केवल 17 महाविद्यालयों का ही उ0प्र0 भारत स्काउट एवं गाइड संस्था से पंजीकरण/नवीनीकरण है जबकि आपके महाविद्यालय में बी0एड0 पाठ्यक्रम काफी लम्बे समय से संचालित हो रहा है। यह अत्यन्त दुखद है।

दिनांक 17.10.2019 को माननीय कुलपति महोदय की अध्यक्षता में सम्पन्न बैठक में भी कुलपति जी ने इस पर चिन्ता व्यक्त की थी। उक्त बैठक में सचिव, उ0प्र0 भारत स्काउट एवं गाइड, बलिया ने लिखित रूप से अवगत कराया था कि मात्र 09 बी0एड0 महाविद्यालयों ने निर्धारित प्रक्रिया के अनुरूप प्रशिक्षण सम्पन्न कराया था। उक्त बैठक की कार्य-वृत्ति कॉलेज लाग-इन एवं विश्वविद्यालय की बेवसाइट पर अपलोड है।

दिनांक 02.05.2020 को विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों में रोवर्स/रेंजर्स दलों को गठन एवं पंजीकरण/नवीनीकरण की अद्यतन स्थिति की समीक्षा के क्रम में उ0प्र0 भारत स्काउट गाइड, बलिया के सचिव ने अवगत कराया कि विश्वविद्यालय से सम्बद्ध 36 बी0एड0 महाविद्यालयों में से मात्र 17 का ही अद्यतन पंजीकरण/नवीनीकरण है। माननीय कुलपति महोदया ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि सभी महाविद्यालय दिनांक 25.05.2020 तक अनिवार्यत: पंजीकरण/नवीनीकरण करा लें तथा दिनांक 17.10.2020 की बैठक में निर्धारित प्रक्रिया का अनुपालन कर पाठ्यक्रम पूर्ण करा लें। स्काउटिंग प्रशिक्षण के प्रत्येक चरण की सूचना समन्वयक, रोवर्स/रेंजर्स को अनिवार्य रूप

क्रमशः : ....... 2

Scanned with CamScanner

से उपलब्ध करायी जाय। इसके अभाव में पाठ्यक्रम अपूर्ण माना जायेगा तथा सम्बन्धित महाविद्यालय का बी0एड0 चतुर्थ सेमेस्टर का परीक्षाफल बाधित किया जा सकता है।

माननीय कुलपति महोदया से प्राप्त निर्देश के अनुपालन में एक बार पुनः दिनांक 17.10.2019 के बैठक की कार्य-वृत्ति इस अपेक्षा से प्रेषित की जा रही है कि समस्त महाविद्यालय जहां बी0एड0 पाठ्यक्रम संचालित हो रहा है, उसका पूर्ण पालन सुनिश्चित करें। अगर उसमें किसी भी स्तर पर शिथिलता प्राप्त होगी तो इसकी पूर्ण ज़िम्मेदारी सम्बन्धित बी0एड0 महाविद्यालय की होगी। साथ ही जिन महाविद्यालयों का संस्था के साथ अद्यतन पंजीकरण/नवीनीकरण नहीं है, उनकी सूची इस अपेक्षा से प्रेषित है कि सूची में अंकित महाविद्यालय दिनांक 25.05.2020 तक अनिवार्यतः पंजीकरण/नवीनीकरण करा लें। पंजीकरण/नवीनीकरण के लिये उ0प्र0 भारत स्काउट एवं गाइड, बलिया के सचिव श्री राजेश कुमार सिंह, सहा0अध्यापक, कुँवर सिंह इण्टर कॉलेज, बलिया से मोबाइल नं0 8707312411, 9454761295 पर सम्पर्क किया जा सकता है। पंजीकरण/नवीनीकरण के लिये निर्धारित शुल्क आन-लाइन भारतीय स्टेट बैंक, शाखा-श्री मुरली मनोहर टाउन पी0जी0 कॉलेज, बलिया में संस्था के खाता संख्या - 11168023980 (IFSC Code- SBIN0010177) में भी जमा किया जा सकता है।

संलग्नक-

1. दिनांक 17.10.2019 के बैठक की कार्य-वृत्ति
2. पंजीकरण/नवीनीकरण नहीं कराने वाले महाविद्यालयों की सूची।

समन्वयक-रोवर्स/रेंजर्स

कुलसचिव

प्रतिलिपि : सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित -

1. माननीय कुलपति महोदया
2. उप कुलसचिव महोदय को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि सूचना कॉलेज लाग-इन एवं विश्वविद्यालय की बेवसाइट पर आपलोड करने का कष्ट करें।

समन्वयक-रोवर्स/रेंजर्स

कुलसचिव

Scanned with CamScanner

# जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया

रोवर्स/रेंजर्स

समन्वयक-डॉ० अशोक कुमार सिंह (9415384842)

पत्रांक : जे0एन0सी0यू0/रो0रे0/06/स/2018-19 दिनांक : 25.10.2019

## कार्यवृत्त

विश्वविद्यालयीय रोवर्स/रेंजर्स की बैठक माननीय कुलपति जी की अध्यक्षता में दिनांक 17.10.2019 को कुँवर सिंह पी0जी0 कॉलेज, बलिया में सम्पन्न हुयी। बैठक में निम्नलिखित निर्णय किये गये –

1. शासन की मंशा के अनुसार प्रत्येक महाविद्यालय में न्यूनतम एक रोवर एवं एक रेंजर्स दल, (महिला महाविद्यालयों में एक रेंजर दल) अनिवार्य रूप से गठित किया जाय तथा इसका पंजीकरण/नवीनीकरण अनिवार्यत: उ0प्र0 भारत स्काउट एवं गाइड संस्था से करा लिया जाय। संस्था के सचिव ने अवगत कराया है कि अभी तक विश्वविद्यालय से सम्बद्ध मात्र 29 महाविद्यालयों ने संस्था के साथ पंजीकरण कराया है। उनमें से केवल 11 महाविद्यालयों का अद्यतन नवीनीकरण हुआ है। माननीय कुलपति जी ने इस स्थिति को चिंतनीय बताया। अत: यह निर्णय लिया गया कि जिन महाविद्यालयों ने अभी तक पंजीकरण नही कराया है यथाशीघ्र अपने यहाँ दल का गठन कर पंजीकरण करा लें तथा जिनका पंजीकरण पहले से है, अपना नवीनीकरण अनिवार्यत: करा लें। विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों में रोवर/रेंजर्स दल का गठन तथा पंजीकरण/नवीनीकरण अनिवार्य है। अत: सभी महाविद्याल प्रक्रिया पूर्ण कर विश्वविद्यालय को यथाशीघ्र अवगत करा दें।

2. सभी महाविद्याल प्राप्त रोवर्स/रेंजर्स शुल्क का महाविद्यालय अंश (रू0 20.00) से महाविद्यालय स्तर पर रोवर/रेंजर्स के प्रशिक्षण शिविर का आयोजन करेंगे। प्रशिक्षण के लिये प्रशिक्षक उ0प्र0 भारत स्काउट एवं गाइड, बलिया उपलब्ध कराता है। किसी भी स्थिति में अनाधिकृत प्रशिक्षक से प्रशिक्षण नही करायें। प्रशिक्षण अवधि के लिये प्रशिक्षक को किसी भी प्रकार के मानदेय का भुगतान नही करना है। मानदेय का भुगतान उ0प्र0 भारत स्काउट/गाइड संस्था, बलिया करेंगी। अत: संस्था से अधिकृत प्रशिक्षक से ही प्रशिक्षण करायें।

3. रोवर्स/रेंजर्स दल न्यूनतम पाँच दिवसीय प्रशिक्षण के उपरान्त प्रथम वर्ष प्रति रोवर्स/रेंजर्स प्रवेश प्रमाण-पत्र शुल्क के रूप में रु0 60.00 संस्था में जमा करेगें। जिन रोवर्स/रेंजर्स को प्रवेश प्रमाण-पत्र प्राप्त हो चुका है, उन्हें एक बार के अंतराल के पश्चात् निपुण प्रमाण-पत्र प्रदान किया जायेगा। निपुण हेतु निर्धारित शुल्क रु0 150.00 है। किसी भी स्थिति में इससे अधिक शुल्क छात्र/छात्राओं से न लिया जाय। जितने रोवर्स/रेंजर्स का शुल्क प्रमाण-पत्र के लिये संस्था में जमा किया जायेगा, उतने प्रमाण-पत्र संस्था के द्वारा

Scanned with CamScanner

महाविद्यालय को उपलब्ध करा दिये जायेगें। संस्था से निर्गत प्रमाण-पत्र विश्वविद्यालयीय समन्वयक द्वारा अनिवार्य रूप से प्रतिहस्ताक्षरित होना चाहिये।

4. बैठक में बी0एड0 महाविद्यालयों में प्रशिक्षण शिविरों के आयोजन पर विशेष रूप से चिंता व्यक्त की गयी। वर्तमान में 36 बी0एड0 महाविद्यालय विश्वविद्यालय से सम्बद्ध है। बी0एड0 में स्काउटिंग अनिवार्य पाठ्यक्रम है। अतः इसे पूर्ण कराये जाने की जिम्मेदारी विश्वविद्यालय की है। संस्था के द्वारा माननीय कुलपति जी को अवगत कराया गया कि सत्र 2018-19 में मात्र 09 महाविद्यालयों में प्रशिक्षण कराया गया जबकि सभी महाविद्यालयों ने प्रशिक्षण कराये जाने की सूचना विश्वविद्यालय को प्रेषित की है। माननीय कुलपति जी के निर्देशानुसार निर्णय किया गया कि वर्तमान सत्र में **प्रथमतः सभी बी0एड0 महाविद्यालय अनिवार्य रूप से संस्था के साथ पंजीकरण/नवीनीकरण करा लें। तत्पश्चात् प्रशिक्षण शिविर आयोजन की लिखित सूचना विश्वविद्यालय एवं उ0प्र0 भारत स्काउट/गाइड संस्था, बलिया को उपलब्ध कराये तथा संस्था से प्रशिक्षक प्राप्त कर प्रशिक्षण करायें।** ध्यातव्य है कि स्काउट एवं गाइड बी0एड0 चतुर्थ सेमेस्टर में पाठ्यक्रम का अंग है। किसी भी स्थिति में अनधिकृत प्रशिक्षक से प्रशिक्षण न करायें। प्रशिक्षण के उपरांत प्रशिक्षक प्रशिक्षण में भाग लेने वाले रोवर्स/रेंजर्स की सूची इस प्रमाण-पत्र के साथ संस्था को उपलब्ध करायेंगे कि सभी प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण में भाग लिया। महाविद्यालय इसकी लिखित सूचना समन्वयक, रोवर्स/रेंजर्स को उपलब्ध करायेंगे। **जो महाविद्यालय निर्धारित प्रक्रिया पूर्ण नहीं करेगें, उनका पाठ्यक्रम अपूर्ण माना जायेगा तथा आगामी परीक्षा हेतु उनका प्रवेश-पत्र प्रतिबंधित किया जा सकता है। इसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी सम्बन्धित महाविद्यालय की होगी।**

5. बी0ए0 प्रशिक्षण के आधार पर प्रतिभागियों के प्रमाण-पत्र के लिये निर्धारित शुल्क प्रति प्रतिभागी रु0 250.00 (प्रदेश अंश रु0 150.00 एवं जिला अंश रु0 100.00) है। किसी भी स्थिति में प्रतिभागियों से इससे अधिक शुल्क न लिया जाय। प्रशिक्षण अवधि के लिये प्रशिक्षक को महाविद्यालय द्वारा मानदेय का भुगतान नही किया जाना है। प्रशिक्षक अपना मानदेय संस्था से प्राप्त करेगें। प्रशिक्षण शिविर हेतु निर्धारित शुल्क अनिवार्यतः संस्था में जमा किया जाय तथा उसकी रसीद प्राप्त कर ली जाय। महाविद्यालय जितने प्रतिभागियों का शुल्क जमा करेगा, उसे उतने ही प्रमाण-पत्र उपलब्ध कराये जायेगें। प्रमाण-पत्र को विश्वविद्यालय समन्वयक से प्रति-हस्ताक्षरित कराना संस्था के सचिव की जिम्मेदारी होगी। समन्वयक के प्रति हस्ताक्षर के बिना निर्गत प्रमाण-पत्र अमान्य होगा।

6. उ0प्र0 भारत स्काउट और गाइड, लखनऊ द्वारा निर्धारित शुल्कों का विवरण निम्नवत् है -

1. पंजीकरण शुल्क (प्रथम बार = रु0 780.00)
   (प्रदेश अंश = रु0 629.00 एवं जिला अंश = रु0 151.00)
2. नवीनीकरण शुल्क (प्रत्येक वर्ष) = रु0 730.00
   (प्रदेश अंश = रु0 604.00 एवं जिला अंश = रु0 126.00)
3. प्रवेश रोवर/रेंजर्स = रु0 60.00 (जिला अंश)

Scanned with CamScanner

4. निपुण रोवर/रेंजर्स = रु0 150.00
(प्रदेश अंश = रु0 100.00 एवं जिला अंश = रु0 50.00)

5. बी0ए0 प्रशिक्षण शिविर = रु0 250.00
(प्रदेश अंश = रु0 150.00 एवं जिला अंश = रु0 100.00)

- विभिन्न मदों में निर्धारित शुल्क के अतिरिक्त किसी भी प्रकार का कोई अन्य शुल्क नहीं लिया जायेगा।
- शिविरों में नियुक्त स्टाफ को निर्धारित मानदेय का भुगतान शिविर से प्राप्त जिला अंश में से जिला संस्था द्वारा किया जायेगा।

7. प्रशिक्षण शिविरों हेतु प्रशिक्षकों की सूची उनकी योग्यता के साथ यथाशीघ्र संस्था से प्राप्त कर विश्वविद्यालय की बेवसाइट एवं विश्वविद्यालय से सम्बद्ध रोवर्स/रेंजर्स वाट्सअप ग्रुप के माध्यम से उपलब्ध करा दी जायेगी। किसी भी प्रकार की असुविधा की स्थिति में निम्नलिखित मोबाइल नम्बरों पर सम्पर्क किया जा सकता है -

| | | |
|---|---|---|
| 1. डॉ0 अशोक कुमार सिंह, समन्वयक | - | 9415384842 |
| 2. श्री हीरा लाल यादव , ए0एस0ओ0सी0 आजमगढ़ | - | 9415162724 |
| 3. डॉ0 शैलजा राय, मुख्यायुक्त, बलिया | - | 9415863100 |
| 4. डॉ0 अखिलेश राय, जिला कमिश्नर, स्काउट | - | 9415248152 |
| 5. डॉ0 निशा राघव, जिला मुख्यालय आयुक्त | - | 9415657035 |
| 6. श्री राजेश कुमार सिंह, जिला सचिव, बलिया | - | 9454761295 |
| 7. श्री बृजेश प्रसाद गुप्ता, समन्वयक प्रतिनिधि | - | 9721738183 |

समन्वयक
रोवर्स/रेंजर्स

कुलसचिव
जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय
बलिया

प्रतिलिपि : सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित -

1. माननीय कुलपति जी।
2. प्राचार्य/प्राचार्या, समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय।
3. ए0एस0ओ0सी0, आजमगढ़।
4. मुख्यायुक्त, उ0प्र0, भारत स्काउट एवं गाइड, बलिया
5. उपकुलसचिव महोदय को इस अनुरोध के साथ प्रेषित की कार्यवृत्त विश्वविद्यालय की बेवसाइट एवं महाविद्यालयों के लाग-इन पर अपलोड करने का कष्ट करें।

समन्वयक
रोवर्स/रेंजर्स

कुलसचिव
जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय
बलिया

Scanned with CamScanner

# जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया

विश्वविद्यालय से सम्बद्ध पंजीकरण/नवीनीकरण नहीं कराने वाले महाविद्यालयों (बी0एड0) की सूची

| क्र0स0 | कॉलेज कोड | महाविद्यालय का नाम |
|---|---|---|
| 1. | 1301 | श्री नरहेजी महाविद्यालय, नरहीं (रसड़ा), बलिया |
| 2. | 1304 | राधामोहन किसान पी0जी0 कॉलेज, नियामतपुर, कन्सो, बलिया |
| 3. | 1309 | दूजा देवी महाविद्यालय, रजौली, सहतवार, बलिया |
| 4. | 1313 | महाविद्यालय बांसडीह, बलिया |
| 5. | 1320 | श्रीमती फुलेहरा स्मारक महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कमतौला, रसड़ा, बलिया |
| 6. | 1321 | सागर महिला महाविद्यालय, भीमपुरा नं0–1, बलिया |
| 7. | 1325 | शिवराज स्मारक स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रामपुर, बलिया |
| 8. | 1327 | माँ बन्धुई देवराज महाविद्याल, परशुहारी, बलिया |
| 9. | 1339 | डॉ0 राम मनोहर लोहिया सुबेदार महाविद्यालय, हबसापुर, बलिया |
| 10. | 1355 | केशव प्रसाद महाविद्यालय, ससना बहादुरपुर, बिल्थरारोड़, बलिया |
| 11. | 1357 | श्री नीलम देवी महाविद्यालय, धतुरी टोला, बैरिया, बलिया |
| 12. | 1362 | बांके बहादुर सिंह महाविद्यालय, मुजौना, तुर्तीपार, बलिया |
| 13. | 1369 | एम0एन0बी0 मेमोरियल महिला महाविद्यालय, नसीरपुरमठ, कोटवां नरायणपुर, बलिया |
| 14. | 1393 | चौधरी कॉलेज ऑफ एजुकेशन, विशुनपुर, बरवांरत्ती पट्टी, बलिया |
| 15. | 1398 | एस0एन0अंचल इंस्टीच्यूट ऑफ हॉयर एजूकेशन, चक मेहरल्ली, मउरहाँ, करसी, बलिया |
| 16. | 1399 | श्री जय नरायण महिला महाविद्यालय, दुर्गीपुर बेरूआरबारी, बलिया |
| 17. | 1405 | विवेकानन्द गर्ल्स विद्यापीठ, बलिया |
| 18. | 1409 | इन्द्रासनी कुँवर इंस्टीच्यूट ऑफ हॉयर एजूकेशन, भीमपुरा नं0–1, बलिया |
| 19. | 1412 | राष्ट्रीय महाविद्यालय मंन्दा, रसड़ा, बलिया |

Scanned with CamScanner